पुलिस ने कार्यालय का निरीक्षण किया, पेंशनर्स की सुनी समस्याएं

झाँसी : पुलिस उपमहानिरीक्षक कलानिधि नैथानी ने पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण के दौरान सभी शाखाओं का भ्रमण कर साफ-सफाई व पत्रावलियों के रखरखाव आदि को चेक किया। पुलिस कार्यालय के आगंतुक कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पत्र व्यवहार शाखा, वाचक कार्यालय, शिकायत प्रकोष्ठ, आइजीआरएस सेल, पासपोर्ट सेल, डीसीआरबी, चुनाव कार्यालय, अपराध शाखा, मॉनिटरिंग सेल, आंकिक शाखा आदि का भ्रमण कर निरीक्षण के दौरान पायी जाने वाली कमियों को दूर करने व चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट वेरिफिकेशन व अन्य आवेदनों को समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। पुलिस पेंशनर्स गोष्ठी के दौरान आए हुए पेंशनर्स से वार्ता कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने और प्रत्येक माह थाना स्तर पर पेन्शनर्स मासिक गोष्ठी किए जाने के निर्देश दिए।

Scanned with AnyScanner